54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 13.0 °c
अधिकतम 26.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:48, सूर्यास्त - 6:16 | वर्ष : 54/ अंक : 56 | बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

आपके रिश्तेदार, दोस्त और आपके चाहने वाले यह तो चाहेंगे कि आप सफल हों, लेकिन उनसे अधिक नहीं।

**राहुल गांधी और उनकी पार्टी भारत-विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली बने हुए हैं : पीयूष गोयल**



कभी न कभी... कोई न कोई तो आयेगा... उन हाथों से उन्हें छुड़ायेगा.....

# ठगी का अनोखा अंदाज : वाहन पर भारत सरकार लिखकर यात्रियों से कर रहे थे लूटपाट

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** नए-नए युवा बेखोफ होकर नए-नए अपराध के तरीके अपनाकर लोगों को लूटने का काम भी करने लगे हैं। अभी तक तो आए दिन ऑनलाइन ठगी के मामले सामने आया करते थे, मगर अब ऑन रोड ठगी का मामला सामने आया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने इसका शानदार खुलासा किया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें

## रोहाना टोल प्लाजा पर रसीदें काटकर कर रहे थे अवैध वसूली

सूचना मिली थी कि सहारनपुर-मुजफ्फरनगर स्टेट हाइवे पर रोहाना टोल प्लाजा के पास कुछ लोगों ने ठगी का नया तरीका अपनाया है। 100-200-400 रुपये की रसीदें छपवाकर वे एक अर्टिका कार लेकर, उस पर भारत सरकार लिखवाकर यात्रियों को रोकते थे और उनसे रिफ्लेक्टर रोड सेफ्टी के नाम पर 100-200-400 रुपये वसूलते थे। जैसे ही इस बात की सूचना एसपी सिटी तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल कार्यवाही को अंजाम देते हुए घेराबंदी करके 8 युवकों धीरेन्द्र, शिवदीप त्यागी, मुख्य आरोपी वरुण खोकर, गुलवीर राणा, मंगेशपाल, विजय कुमार, गौरव कुमार और अनुज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का बताना है कि इनसे 100 पर्चियों के साथ 52 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की गयी है। एसपी सिटी ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि पकड़े गए 8 युवकों का गिरोह दिल्ली मुजफ्फरनगर-सहारनपुर-बागपत-गाजियाबाद और हापुड़ का रहने वाला है। जिन्होंने यह कबूल किया है कि मुजफ्फरनगर के साथ-साथ उन्होंने अन्य जिलों में भी ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया है। फिलहाल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर रोड पर लूट करने वाले आठों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जायेगा।



## सुरती मांगने पर शिक्षक को कार्बाइन से भूना, हेडकांस्टेबल को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** एसएसपी आवास के सामने ही सुरती(तंबाकू) मांगने को लेकर हुए मामूली विवाद में सहायक अध्यापक की कार्बाइन से भूनकर हत्या करने वाले मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश यादव को कोर्ट ने कड़ा सबक सिखाया है। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट के न्यायाधीश सीताराम ने आरोपी मुख्य आरक्षी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। आपको बता दें कि घटना 17 मार्च 2024 की रात की है। वाराणसी के महगांव स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में तैनात सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार निवासी चंदौली यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर विभिन्न जनपदों में वितरण के लिए निकले थे। प्रयागराज, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बिजनौर होते हुए उनकी टीम देर रात मुजफ्फरनगर के एसडी इंटर कॉलेज पहुंची थी। रात करीब 2 बजे कॉलेज का गेट बंद होने के कारण शिक्षक, उनके साथी कर्मचारी और सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी सरकारी गाड़ी में ही आराम करने लगे। इसी दौरान गाड़ी में बैठे मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश यादव ने शिक्षक धर्मेंद्र कुमार से सुरती मांगी। शिक्षक द्वारा विरोध करने पर विवाद इतना बढ़ गया कि नशे या आवेश में धुत सिपाही ने अपनी सरकारी कार्बाइन से अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे शिक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस सनसनीखेज मामले की पैरवी डीजीसी राजीव शर्मा, एडीजीसी प्रवेन्द्र कुमार व नरेन्द्र शर्मा ने की। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि रक्षक ही जब भक्षक बन जाए, तो समाज में असुरक्षा का माहौल पैदा होता है। मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश यादव निवासी मऊ को न्यायालय ने आजीवन कारावास यानि उम्रकैद की सजा के साथ एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरक्षी को हत्या का दोषी माना और उसे उम्र भर जेल में रहने की सजा सुनाई।

**एसएसपी आवास के सामने ही की गई थी हत्या**

## झारखंड के पूर्व सीएम के पोते की हिमाचल में मौत

**मनाली, 25 फरवरी (एजेंसी)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते वीर सोरेन (22) की मंगलवार को मनाली में मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ मनाली घूमने आया था। वीर सोरेन के परिजन बुधवार सुबह उसका शव लेने मनाली पहुंचे। इस दौरान परिजन पोस्टमार्टम करने से मुकर गए। इसकी पुष्टि डीएसपी मनाली केडी वर्मा ने की। बताया जा रहा है कि सेथन गांव में अधिक ऊंचाई (हाई अल्टीट्यूड) के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई। बाद में उन्हें मनाली के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# जाम से निजात पाने को 'भैंसाली डिपो' की बसों के शहर में प्रवेश पर लगी रोक

**शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए डीएम का फैसला**

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** मेरठ से शहर में आने वालों को अब शहर के बाहर वहलना चौक पर ही उतरना पड़ेगा। भैंसाली डिपो मेरठ की रोडवेज बसें सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक शहर में प्रवेश नहीं कर पाएंगी। यह फैसला शहर की जाम की समस्या को सुधारने के लिए डीएम की अध्यक्षता में हुई सभा में लिया गया।



## महावीर चौक व जीआईसी मैदान तक सवारी उतारने बैठाने पर रोक

शहर में लगातार जाम की स्थिति को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक में तमाम पक्षों के सुाव लिए गए। शहर में हो रही जाम की समस्या के दृष्टिगत शहर के प्राप्त सुझावों को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आज पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़ क्षेत्राधिकारी यातायात रविंद्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका प्रज्ञा सिंह, सहायक रोडवेज प्रबन्धक, प्रभात कुमार सिन्हा, प्रभारी उपनिरीक्षक यातायात के साथ जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक कर विचार विमर्श किया। बैठक में शहर की जाम की समस्या के निराकरण को लेकर निर्णय लिया गया कि मेरठ के भैंसाली डिपो से मुजफ्फरनगर के लिये संचालित होने वाली रोडवेज बसें प्रातः 08.00 बजे से सायं 08.00 बजे तक वहलना चौक से संचालित होगी। मेरठ भैंसाली डिपो से मुजफ्फरनगर के लिये संचालित होने वाली रोडवेज बसें रात्रिः 08.00 बजे से प्रातः 08.00 बजे तक ही शहर क्षेत्र में संचालित की जा सकेगी। मुजफ्फरनगर व अन्य डिपो की बसें इससे मुक्त रहेंगी। यह भी फैसला हुआ कि अंदर आने वाली बसों द्वारा महावीर चौक एवं जीआईसी मैदान तक न कोई सवारी उतारी जायेगी और न ही बैठायी जायेगी। बसों द्वारा सवारी को जानसठ पुल के नीचे उचित स्थान पर ही उतारा व बैठाया जायेगा, ताकि मार्ग अवरुद्ध न हो। डीएम ने सभी बस चालकों से अपेक्षा है कि इस योजना के क्रियान्वयन में सहयोग करें।



# युवक-युवती धार्मिक स्थल के बाहर किस करते दिखे, पुलिस ने कब्जे में लिया वीडियो, जांच शुरू

**बुढ़ाना, 25 फरवरी (बु.)।** हमारी युवा पीढ़ी किस दिशा की और जा रही है, इसका अंदाजा एक मिनट 12 सैकेंड के एक वीडियो को देखकर लगाया जा सकता है, जिसमें एक युवक बुढ़ाना कस्बे के छोटा बाजार के पास मौहल्ला मिर्दगान? में स्थित एक धार्मिक स्थल के बाहर किसी नवयुवती के साथ जबरदस्ती किस कर रहा है, हालांकि नवयुवती भी युवक का ज्यादा विरोध नहीं कर रही। ऐसा लगता है कि सार्वजनिक स्थल पर युवक और युवती को शायद ये ही जगह उपयुक्त लगी, लेकिन आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे ने इन दोनों की पोल खोलकर रख दी। लड़का नीली जरकीन, नीले रंग की शर्ट और काले रंग की पेंट में है, जबकि युवती ने अपने दुपट्टे का सिर तक नकाब लगाया हुआ है। लड़की ने लाल रंग की कमीज और नीले रंग की सलवार पहनी हुई है। युवक ने नवयुवती को दो बार किस किया तो दूसरी बार में नवयुवती उसको हल्के से मुक्के मारती हुई दिखाई दे रही है। इन दोनों के पास से लोग भी गुजर रहे हैं और इनकी हरकतें भी देख रहे हैं, लेकिन प्यार में डूबे ये युवक युवती ये भी शर्म नहीं कर रहे कि कोई उनको? देख रहा है। दोनों युवक युवती शायद किसी कॉलेज में पढने के दौरान मोबाइल फोन के जरिए इस स्थान पर मिले। लड़की के साथ में मोबाइल फोन है जो कि पास खड़ी स्कूटी पर रखकर अपने मुंह पर फिर से नकाब बांध रही है। ये युवक युवती कौन हैं ये तो पता नहीं है, लेकिन बुढ़ाना पुलिस ने अपने स्तर से दोनों की तलाश शुरू कर दी है क्योंकि सार्वजनिक जगह पर इस तरह की अश्लील हरकतें गैर कानूनी है।



# सीडीओ के आश्वासन के बाद विकास भवन में धरना समाप्त

**अपनी बीवी को मेरे बिस्तर पर मामले में तीन दिन का समय**

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** विकास भवन में मर्यादाओं की सारी सीमाएं पार करने वाले एक्सईएन अनिल कुमार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के आश्वासन के बाद बुधवार को विकास भवन कर्मचारी एसोसिएशन ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। आपको बता दें कि विकास भवन में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन अनिल कुमार द्वारा एक कर्मचारी पीड़ित सुमित कुमार शर्मा को उनकी पत्नी के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा था कि अपनी पत्नी को मेरे बिस्तर तक ले आओ और अपना काम करा लो। इस बात को लेकर सुमित शर्मा ने अपने सहयोगी कर्मचारियों से पूरी बात बताई तो विकास भवन में हड़कम्प मच गया। ऐसी मर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने वाले एक्सईएन की शिकायत जिलाधिकारी एवं सीडीओ दोनों को की गयी। धरना प्रदर्शन के बाद बुधवार को सीडीओ ने आश्वासन दिया कि अगले तीन दिन के अंदर कोई बड़ी कार्रवाई एक्सईएन पर की जाएगी। आश्वासन के बाद विकास भवन कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल चौधरी व महामंत्री कुलवंत सिंह ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि तीन दिन के अंदर कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आता तो पुनः एसोसिएशन कार्य बहिष्कार कर निर्णय लेने को मजबूर होगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व जिला प्रशासन का होगा। इस दौरान जीशान, मदनपाल, आशीष, सुनीता, अनिल वर्मा, संजीव त्यागी आदि मौजूद रहे।

## राज्य कर्मियों व शिक्षकों को फरवरी का वेतन फरवरी में ही जारी करने के आदेश

**लखनऊ, 25 फरवरी (एजेंसी)।** होली पर्व के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत दी है। शासन ने निर्देश जारी करते हुए फरवरी 2026 का वेतन तथा पेंशन/पारिवारिक पेंशन 28 फरवरी 2026 को ही आहरित एवं वितरित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। प्रदेश में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को 2 मार्च से पहले वेतन जारी करने के निर्देश दिया गया है। वित्त विभाग के वित्त अनुभाग-1 की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार, 1 मार्च 2026 को सामान्य अवकाश तथा 2 मार्च 2026 को होलिका दहन के सार्वजनिक अवकाश के कारण वेतन भुगतान की नियमित तिथि प्रभावित हो रही थी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों तथा कार्यभारित कर्मचारियों को देय वेतन के साथ-साथ पेंशनरों/ पारिवारिक पेंशनरों को भी फरवरी माह का भुगतान 28 फरवरी को किया जाएगा।

# पत्नी के प्रेमी का भेजा उड़ाने के बाद वीडियो बनाकर अब पत्नी का कत्ल करने का ऐलान

**हमलावर बोला- है कोई माई का लाल बचाने वाला, मृतक उसकी पत्नी को भगाकर लाया था**

**मेरठ, 25 फरवरी (एजेंसी)।** शायद खुंदक ऐसी ही चीज होती है, जिसका उदाहरण रामराज में पत्नी के प्रेमी का मर्डर करने वाले पति ने खुलेआम दे दिया। दरअसल एक युवक प्रदीप निवासी सनोता की पत्नी का अफेयर सुरेन्द्र नाम के युवक से चल रहा था। पति को इस बात का पता चला तो बुधवार को खुंदक खाये पति ने रामराज के बीच बाजार में गोली मारकर प्रेमी सुरेन्द्र की हत्या कर दी। हत्या के बाद भी पति को अपने गुनाह पर कोई शर्मिन्दगी महसूस नहीं हुई और उसने और खुंदक दिखाते हुए एक वीडियो बनाया और वीडियों में कहा कि लो कर आया अपनी पत्नी के प्रेमी की सरेआम हत्या, जिससे जो होता हो कर लो.... और अब ये देख लो मेरी अंटी में हथियार लगे हुए हैं अब अपनी पत्नी का कत्ल करूंगा। इस ऐलान के बाद पुलिस में हडकम्प मचा हुआ है।

रामराज एरिया में युवक की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक से आए हमलावर ने युवक को दो गोलियां मारीं। पहली गोली पीछे से कमर पर जबकि, दूसरी गोली कनपटी पर सटाकर मारी गई। युवक का भेजा तक उड़ गया। हत्यारे ने पहली गोली मारने के बाद बाजार में चिल्ला-चिल्लाकर कहा- है



पति



मृतक प्रेमी का फाइल फोटो

शेष समाचार पृष्ठ-4 पर

## सरकार ने 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया, अश्लील कंटेंट दिखाने पर एक्शन, 7 महीने पहले 25 प्लेटफॉर्म बैन हुए थे

**नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को 5 ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया है। जिन प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई हुई, उनमें मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया जा रहा था। यह कंटेंट आईटी एक्ट 2000, आईटी नियम 2021, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं को गलत तरीक से दिखाने से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करता पाया गया। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया है। इससे पहले मार्च 2024 में सरकार ने अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया था। साथ ही 19 वेबसाइट्स, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स भी ब्लॉक कर दिए थे।








विहान हीरो
जानसठ रोड, निकट सुरेन्द्र नगर, मु.नगर
मेरठ रोड, निरीक्षण भवन के सामने, मु.नगर
M.: 9289922789









# किड्जी गुरूकुल का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

## - नन्हें बच्चों ने दी मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति - बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने किया दीप प्रज्ज्वलित

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बुस.)।** किड्जी गुरुकुल, प्रेमपुरी के वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़ी धूम धाम से किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक था " भारत उत्सव" त्यौहारों के रंग अपनों के संग। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंकुर दुआ, डॉ. एसएन चौहान, एडीजीसी राजीव शर्मा, डॉ. सुभाष शर्मा और स्कूल के डायरेक्टर शालिनी शर्मा, डॉ. आशुतोष शर्मा, नेहा अरोरा, सौरभ अरोरा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सर्वप्रथम नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मां शारदे की वंदना की और अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सुंदर संचालन मैडम ख्याति ने बहुत सुंदरता के साथ किया। कार्यक्रम के आरंभ में मैडम ज्योति माहेश्वरी ने उपस्थित अभिभावकों और आगंतुकों का वेलकम स्पीच देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला जब शुरू हुई, तो सर्वप्रथम सीनियर केजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों कोईशा, रुही, अनाया आदि ने गणेश वंदना और मां शारदे की प्रस्तुति से किया। दूसरी प्रस्तुति जूनियर केजी के बच्चों की थी। जैसे कि कार्यक्रम की थीम भारत उत्सव था, तो एक के बाद एक कार्यक्रम भारतीय त्यौहारों को प्रदर्शित कर रहे थे। प्ले क्लास के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने सामूहिक नृत्य से सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। इसी कड़ी में अगली प्रस्तुति नर्सरी के बच्चों की थी। युवराज, धनविका, शौर्य आदि की प्रस्तुति देख कर सभी ने अपने दांतों तले उंगली दबा ली। सभी ऐसे परफॉर्मेंस देख कर आश्चर्य चकित थे। कार्यक्रम के अगले चरण में जूनियर केजी के छोटे-छोटे बच्चे अपनी प्रस्तुति लेकर आए। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में नारी सशक्तिकरण पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंत "बाबा जी की छड़ी हूं मै" कार्यक्रम ने सबको ये सोचने पर मजबूर कर दिया कि कैसे ये छोटे-छोटे बच्चे पारिवारिक विघटन के बारे में अपनी नाटिका के द्वारा हमे संदेश दे रहे हैं। मुख्य अतिथि लोकप्रिय अखबार " मुजफ्फरनगर बुलेटिन "के संपादक और हर दिल अजीज अंकुर दुआ ने समाज में प्रचलित बुराइयों पर चोट की तथा अभिभावकों को मोबाइल से होने वाले नकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हमे अपने बच्चों को पौष्टिक भोजन देना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एड. राजीव शर्मा (डीजीसी) ने स्कूल की शिक्षिकाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ कार्यक्रम के आयोजन में बहुत मेहनत की है। कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ. सुभाष शर्मा ने भी कहा कि इन छोटे-छोटे बच्चों ने मंच पर जो परफॉर्मेंस दी है, वो कबीले तारीफ है। इस उम्र के बच्चों से ऐसी परफॉर्मेंस आश्चर्य चकित कर रही है। कार्यक्रम में अन्य अतिथि राजीव मुंजाल, प्रमोद शर्मा, बृजेश दीक्षित, कामकांत शर्मा, दीपक मित्तल, नीति सिंघल, पारुल कुमार, अंशु भाटिया, मुकुल दुआ, सरदार गुरमीत सिंह आदि रहे। स्कूल की निर्देशिका शालिनी शर्मा ने अपनी समस्त शिक्षिकाओं को प्रतीक-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल निर्देशिका नेहा अरोरा ने भी किड्जी गुरुकुल की शिक्षिकाओं के परिश्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा और सौरभ अरोरा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ के प्रयास को सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं रचना सिंघल, अंशिका, अलीमा, अनीशा, प्रियांशी और सपोर्टिव स्टाफ ममता, रूबी, संतोष और रेखा का योगदान रहा।



### ये शिक्षक नहीं बच्चों की मौसी है, इतना प्यार मौसी ही दे सकती है : अंकुर दुआ

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बुस.)।** मुख्य अतिथि बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने इस अवसर पर कहा हिक घर की मां के बाद जब हम अपने बच्चों को शिक्षा के मंदिर में सौंपते हैं तो शिक्षिका उन्हें एक मौसी की तरह शिक्षा भी देती है और प्यार भी देती है। इस विश्वास के साथ ही हम अपने बच्चों को स्कूल टीचरों को सौंप देते हैं।









# समिति पर अनियमितताएं बरतने का आरोप

## - हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकती जांच, वापस लौटी टीम

**शाहपुर, 25 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव तावली स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में अनियमितताओ व भ्रष्टाचार की शिकायत के आरोपों की जांच करने पहुंचे एडीओ के समक्ष हंगामा होने के कारण जांच नही हो सकी। शिकायतकर्ता ने समिति के सचिव के विरुद्ध तहरीर देते हुए उसे झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। थानाक्षेत्र के गांव निरमानी निवासी किसान नरेंद्र कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह किसान सेवा सहकारी समिति तावली का सदस्य है। उसने समिति में हो रही अनियमितताओं की जांच कराने के लिए शिकायत की थी। उसकी शिकायत पर बुधवार को बघरा ब्लॉक के एडीओ के के श्रीवास्तव जांच के लिए तावली समिति पहुंचे थे और उन्होंने उसे भी समिति पर बुलाया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब वह समिति पर पहुंचा, तो समिति के सचिव संजीव कुमार उसे देखकर भड़क गए और उसे धमकी देने लगे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सचिव ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने और रास्ते से हटवाने तक की धमकी दी। जांच अधिकारी एडीओ ने बताया कि वह बुधवार को तावली समिति पर अनियमितताओं की जांच करने पहुंचे थे, लेकिन हंगामा होने के कारण जांच पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण से लिखित में उच्च अधिकारियों को लिखित में अवगत करा दिया गया है। इस मामले में जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र बालियान ने बताया कि इस सम्बंध में वह कल आज किसानों के साथ जिलाधिकारी से मिल पूरे प्रकरण से अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि यदि समिति के सचिव का स्थानांतरण नहीं होता है, तो वह समिति पर किसानों के साथ अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। शिकायतकर्ता के साथ जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र बालियान के अलावा किसान संत कुमार त्यागी, शौकीन अली, जमशेद, देवेंद्र कुमार, नरेंद्र त्यागी, आनंद , गजेंद्र व शकील आदि किसानों ने सचिव के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है।





### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 160000 | चांदी- | 270000 |
| सिक्का- | 2790 | गिन्नी- | 118450 |

### आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 26 फरवरी, 2026**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

**वृषभ-** आृथक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

**तुला-** लाभ का सुयोग, आृथक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धाृमक गतिविधियों में रुचि।

**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

# शंकराचार्य के अपमान पर भड़की क्रांति सेना, मुजफ्फरनगर की सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

## चेतावनीः आशुतोष महाराज मुजफ्फरनगर में दिखा, तो गधे पर बैठाकर निकालेंगे जुलूस



**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बुस.)।** पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर दर्ज हुए मुकदमे के विरोध में बुधवार को हिंदू संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। मुजफ्फरनगर में क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र के तहत शंकराचार्य महाराज को फंसाया जा रहा है। क्रांति सेना ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि शंकराचार्य पर फर्जी आरोप लगाने वाला आशुतोष महाराज आशुतोष पांडे उर्फ अश्वनी एक शातिर अपराधी है, जिस पर गैंगस्टर एक्ट और दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। "अगर आशुतोष महाराज अपनी गंदी राजनीति से बाज नहीं आया और मुजफ्फरनगर की धरती पर कदम रखा, तो क्रांति सेना उसे गधे पर बैठाकर और उसका मुंह काला कर पूरे शहर में उसका जुलूस निकालेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी और नगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान सहित अन्य पदाधिकारियों सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान द्वारा युवकों से माफी मंगवाने का वीडियो वायरल, मचा बवाल

### - प्रधान की शिकायत पर पुलिस चौकी पर बनवाई गई माफी की वीडियो

**भोपा, 25 फरवरी (बु.)।** सोशल मीडिया पर गांव में फैली गंदगी का सच दिखाना दो युवाओं को भारी पड़ गया। सीकरी गांव की खराब सफाई व्यवस्था की वीडियो बनाने वाले दोनों युवकों को कथित तौर पर ग्राम प्रधान के दबाव में पुलिस ने उठा लिया और ग्राम प्रधान ने उनसे जबरन माफीनामा वाली वीडियो बनवाकर वायरल कर दिया। इस पूरे मामले ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी में पहुंचे दो युवाओं ने हाल ही में गांव में फैली गंदगी और चरमराती सफाई व्यवस्था का एक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाल दिया, जिसके बाद यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया, जिसने गांव में सफाई व्यवस्था की नाकामी की पोल खोल दी। वीडियो के वायरल होने के बाद छवि पर आंच आते देख बौखलाए ग्राम प्रधान ने सीकरी चौकी में तहरीर देकर युवाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने भी ग्राम प्रधान के दबाव में काम करते हुए अन्य थानाक्षेत्र से दोनों युवकों को उठाकर सीकरी चौकी पर बैठा लिया, जहां ग्राम प्रधान द्वारा अपनी शिकायत को झूठा बताते हुए युवकों पर माफी मांगने का दबाव बनाया गया। युवकों द्वारा माफी मांगी गई, तो बाकायदा इसकी वीडियोग्राफी भी की गई और यह वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, लेकिन युवाओं को सबक सिखाने की यह पूरी कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। प्रशासन की नाकामी को छुपाने और सत्ता के दुरुपयोग के इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस संबंध में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या लोकतंत्र में सोशल मीडिया पर व्यवस्था की असल तस्वीर दिखाना अब अपराध हो गया है? क्या पुलिस स्थानीय प्रधानों की निजी सेना बनकर काम कर रही है? हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेई ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# चरथावल नगर पंचायत : मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध की जा रही भर्ती : कर्मचारी संघ



**चरथावल, 25 फरवरी (बु.)।** नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मनमाने तरीके से भर्ती किए जाने पर रोक लगाने की मांग की है। इससे सफाई कर्मचारियों में आक्रोश हैं। कर्मचारी संघ ने नियमानुसार टेंडर निकालकर नगर पंचायत में भर्ती किए जाने की मांग संबंधी एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार को सौंपा। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के नगर अध्यक्ष रवींद्र वाल्मीकि एवं महामंत्री सुनील सूद ने कर्मचारियों को लेकर नगर पंचायत ईओ से वार्ता की। उन्होंने कहा कि 15 अक्तूबर 2025 में नगर पंचायत प्रशासन ने कर्मचारियों ने एक मांग पत्र उन्हें दिया था। इसमें शामिल मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया था। उस समय कर्मचारी संघ क साथ हुई समझौता वार्ता में आउटसोर्सिंग पर रखे जाने वाले कर्मचारियों की भर्ती टेंडर निकालकर नियमानुसार किए जाने का वादा किया था। आरोप लगाया कि वर्तमान में पंचायत प्रशासन इस वादे से मुकर गया है। मनमाने तरीके से नियम विरूद्ध भर्ती की जा रही है। इस संबंध में कर्मचारी संघ का विश्वास में नहीं लिया जा रहा है। कर्मचारियों ने ईओ और चेयरमैन के नाम ज्ञापन दिया है।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को भेजा जेल

## - ककरौली थाने के उप निरीक्षक ने कराया मुकदमा दर्ज

**भोपा, 25 फरवरी (बु.)।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाड़ा के आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के बाद सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका पैदा हो गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना ककरौली क्षेत्र के जटवाड़ा गांव निवासी शहरुद्दीन ने मंगलवार दोपहर अपनी इंस्टाग्राम स्टेटस पर एक विवादित वीडियो साझा किया। वीडियो के साथ कैप्शन में एक विशेष समुदाय को "संभलने" और "जागने" की आड़ में भड़काऊ टिप्पणी की गई थी। वीडियो में कुछ युवकों को तोड़फोड़ करते हुए दिखाया गया था, जिससे लेकर एक समुदाय के लोगों में तीव्र आक्रोश व्याप्त हो गया। मामले की सूचना मिलते ही ककरौली पुलिस अलर्ट हो गई। इस बीच, कुछ स्थानीय नागरिकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर उत्तर प्रदेश पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की, जिससे मामले ने और तूल पकड़ लिया, जिसके बाद ककरौली थाने पर तैनात उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। बुधवार को आरोपी को जेल भेज दिया गया है।





# मंत्री का मृतकों के परिजनों व घायलों को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन

**जानसठ, 25 फरवरी (बु.)।** गांव गुजरहेड़ी में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार मृतक मजदूरों रामचंद्र व ताराचंद के शोकाकुल परिजनों से मिले। मंत्री ने परिजनों से हादसे के बारे में जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत करके मृतक मजदूरों के परिजनों और घायलों के लिए उपचार के लिए हर संभव आर्थिक मदद दिलवाने का आश्वासन दिया। रतनपुरी क्षेत्र में मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में पिकअप में सवार गांव गुजरहेड़ी के रहने वाले दो मजदूरों रामचंद्र व ताराचंद की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं सहित 21 मजदूर घायल हो गए थे। जिनमें गांव गुजरहेड़ी की रहने वाली महिलाओं सहित दस मजदूर भी घायल हुए थे, जिनका जिला अस्पताल के अलावा अन्य अस्पतालों में उपचार चल रहा है। बुधवार को कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार गांव गुजरहेड़ी में पहुंचे। मंत्री ने मृतक मजदूरों के परिजनों को सात्वना दी। मंत्री ने सीएमओ से फोन पर जिला अस्पताल में भर्ती घायल मजदूरों का बेहतर उपचार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएम उमेश मिश्रा से फोन पर बातचीत करके सीएम कार्यालय से संपर्क करके मृतकों के परिजनों और घायलों के उपचार के लिए आर्थिक मदद दिलवाने को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मृतकों के परिजनों और घायलों को मुख्यमंत्री से बातचीत करके आर्थिक मदद दिलवाई जाएगी। इस दौरान एसडीएम राजकुमार भारती, ग्राम प्रधान मोनू, सतीश कुमार, अजय कुमार, अमित, गुड्डू, तिरथपाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर के विरुद्ध सीओ से मिले पीड़ित

## - सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 5 लाख



**बुढ़ाना, 25 फरवरी (बु.)।** पिता और पुत्र द्वारा स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी करने का मामला अभी सुलझा भी नहीं था कि एक और पीड़ित सामने आया है। इस बार पीड़ित बुढ़ाना का नहीं, बल्कि जिला बुलंदशहर का है। बुधवार को जिला बुलंदशहर निवासी कैशव चौधरी पुत्र धर्मवीर सिंह बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह से मिला। जिसने बताया कि बुलंदशहर में उसके घर के पास मनोज शर्मा पुत्र देव देहाती फिल्मी कलाकार निवासी बुढ़ाना रहते थे, जो बुलन्दशहर आबकारी विभाग में निरीक्षक के पद पर तैनात थे। उसे मनोज शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग में बीएमडब्ल्यू पद पर नौकरी दिलवाए जाने का आश्वासन दिया और बीते 12 जून 2019 को अपने घर जहां किराये के मकान में रहते थे, बुलाकर 2 लाख रुपये नकद लिए। फिर बीते 17 जुलाई को अपने किराये के घर पर बुलाकर 5 लाख रुपये नकद लिए। फिर उसे बरेली बुलाकर स्वास्थ्य विभाग का बीते 18 जुलाई 2019 का नियुक्ति पत्र दिया। फिर योजना के तहत कूट रचित कागजों मे कभी कही होटल में तो कभी कहीं बुलाकर हाजिरी लगवाते रहे। इनके साथ वहां का डॉक्टर भी मिला हुआ था। कई महीनों बाद उसे शक हुआ, तो उसने अपने रुपये वापस मांगे तो मनोज उसे बहकाता रहे। फिर कुछ माह बाद मनोज का स्थानान्तरण आबकारी सहारनपुर में हुआ तो वह सहारनपुर में मनोज के आबकारी विभाग ऑफिस गया और कहा कि या तो मुझे मेरे रुपये अभी दो नहीं तो मैं अभी एसएसपी के पास जाकर तुम्हारी शिकायत करुंगा, तो मनोज ने कहा कि मेरी नौकरी चली जायेगी। तुम किसी से मेरी शिकायत मत करो। मैं तुम्हारे रुपए दे दूंगा, तो मनोज ने उसे बुलंदशहर आकर बीते 31 अगस्त को 2 लाख रुपये नकद दिये ओर बाकी रुपये कुछ समय बाद देने को कहा, लेकिन बाद में कोई रुपए नहीं दिये और फोन पर उसे बीते वर्ष 25 फरवरी को ब्लॉक कर दिया।

इस बारे में पीड़ित के अनुसार सीओ ने उन्हें बताया कि यहां का भी एक मामला इसी तरह का है। उन्होंने पीड़ित की जीरो रिपोर्ट दर्ज कर ली है, जो उच्च अधिकारियों के आदेश पर बरेली ट्रांसफर होगी और उनका मामला बुलंदशहर का है, इसलिए वे भी इस मामले में बुलंदशहर पुलिस से संपर्क करें।

## लोक अदालत के वादों की सूचनााएं 28 तक मांगी

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, नोडल अधिकारी लोक अदालत गजेंद्र कुमार ने समस्त सम्बन्धित अधिकारीगणों से कहा है कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित वादों की सूचना 28 मार्च तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है, किन्तु वांछित सूचना अभी तक अप्राप्त है। उन्हें कहा गया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित अधिक से अधिक संख्या में वादों को नियत कर चिन्हित किये वादो की सूचना अनिवार्य रूप से 28 फरवरी तक प्रत्येक दशा में इस कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# व्यापारियों ने एसडीएम बुढ़ाना को सौंपा ज्ञापन

## - छोटा सा रास्ता खुलवाने को व्यापारी हैं परेशान



**बुढ़ाना, 25 फरवरी (बु.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल रजिस्टर्ड बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल के नेतृत्व में बुधवार को एसडीएम बुढ़ाना को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि बुढ़ाना कस्बे की कुरैशियों वाली पुलिया पर बने डिवाइडर का रास्ता जो कि मैन बाजार को भी जाता है वह कुछ समय पूर्व नगर पंचायत बुढाना ने बंद कर दिया था, जिस पर 70 से अधिक ग्रामों के ग्राहक मैन बाजार में आने के लिए कुरैशियों वाली पुलिया के पास लगे कट से आते जाते रहते थे, लेकिन कट बन्द हो जाने से मेन बाजार में ग्राहक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे व्यापारी तंग व परेशान हैं। व्यापार भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्य के आदेश पर लोक निर्माण विभाग की एनओसी बुढ़ाना नगर पंचायत को भी आ चुकी है, इसलिए वे बुढ़ाना नगर पंचायत को आदेश दें कि लोक निर्माण विभाग की एनओसी के अनुपालन में अति शीघ्र कट खोला जाए, ताकि व्यापारियों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। एसडीएम ने व्यापारियों को ईओ से बातचीत करने के बाद कट लगवाने का आश्वासन दिया है। एसडीएम बुढ़ाना को ज्ञापन देने वाले व्यापारियों में मुख्य रूप से राजेश संगल, विकास गर्ग, अमरीश बंसल, सुशील तायल, अनुराग संगल, पंकज जिंदल, मोहित नाथवंशी, विकास संगल, रोहित नाथवंशी, इकरार कुरैशी आदि व्यापारी मौजूद थे।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## एनसीईआरटी की किताब और न्यायपालिका

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी ने आठवीं कक्षा के लिए सोशल साइंस की नयी किताब रिलीज की है। इसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार, नाम का चैप्टर है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की 8वीं कक्षा की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का चैप्टर शामिल किए जाने पर नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। चीफ जस्टिस ने टिप्पणी में कहा कि हम खुद संज्ञान लेंगे और किसी को भी इस पृथ्वी पर संस्था की निष्कलंकता पर आंच लाने और उसे बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। कल चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में यह मामला कपिल सिब्बल ने भी उठाया। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि मुझे इसकी पूरी जानकारी है। यह पूरे ज्यूडीशियल इंस्टीट्यूशन के लिए चिंता की बात है। यह सोचा-समझा कदम लग रहा है। मैं किसी को भी, चाहे वे कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हों, इंस्टीट्यूशन को बदनाम नहीं करने दूंगा। मैं इस मामले पर खुद नोटिस ले रहा हूं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने 23 फरवरी को जारी नयी टेक्स्टबुक एक्सप्लोरिंग सोसायटी इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट-2 में द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी टॉपिक के अंदर ज्यूडिशियरी में करप्शन का टॉपिक जोड़ा है। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की 8वीं क्लास की सोशल साइंस का पार्ट-2 इसी हफ्ते जारी हुआ है। सीजेआई की टिप्पणी के बाद फिलहाल ये किताब एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। किताबों की ऑफलाइन बिक्री भी 24 फरवरी से बंद कर दी गई है। हालांकि अब तक राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की तरफ से इसको लेकर कोई बयान नहीं आया है। यह ऐसा ही मामला है, जैसा अभी एक फिल्म के शीर्षक में एक समुदाय से पहले घूसखोर लगाया गया था, कोई व्यक्ति घूसखोर हो सकता है, लेकिन किसी समुदाय को घूसखोर नहीं लिख सकते। न्यायपालिका के साथ केवल गरिमापूर्ण शब्द ही जुड़ने चाहिएं, भ्रष्टाचार जैसा शब्द हरगिज नहीं। यह मामला गंभीर है और अभी तुल पकड़ेगा। कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने सीजेआई की बेंच के सामने कहा कि बच्चों को ज्यूडिशियरी में करप्शन का सब्जेक्ट ऐसे पढ़ाया जा रहा है। जैसे यह कहीं और, किसी और इंस्टीट्यूशन में है ही नहीं। यह चिंता का विषय है। हम यहां बार काउंसिल की चिंता लेकर आए हैं। दोनों वकीलों ने कहा कि किताब में ब्यूरोक्रेसी, पॉलिटिक्स वगैरह को छोड़ दिया है। दूसरे सेक्टर्स पर एक शब्द भी नहीं। वे ऐसे पढ़ा रहे हैं जैसे यह सिर्फ इसी इंस्टीट्यूशन में है। जवाब में सीजेआई ने कहा कि प्लीज थोड़ा इंतजार करें। मुझे बार और बेंच दोनों से बहुत सारे कॉल, मैसेज आ रहे हैं। सभी हाईकोर्ट के जज समेत सिस्टम का हर स्टेकहोल्डर परेशान है। मैं इस मामले को खुद देखूंगा। कानून अपना काम करेगा। बेंच में शामिल जस्टिस बागची ने भी कहा कि यह किताब बेसिक स्ट्रक्चर ही के खिलाफ लगती है। इस किताब में ज्यूडीशियरी से जुड़े कई बिन्दु हैं, इसमें कोर्ट की हायरार्की और न्याय तक पहुंच को समझाने से ज्यादा ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे करप्शन और केस बैकलॉग को बताया गया है। करप्शन वाले सेक्शन में बताया गया है कि जज एक कोड ऑफ कंडक्ट से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में बल्कि कोर्ट के बाहर भी उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है। ज्यूडिशियरी के अंदरूनी अकाउंटेबिलिटी सिस्टम को भी समझाया गया है। सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए शिकायतें लेने के तय तरीके भी बताए गए हैं। किताब के मुताबिक 2017 और 2021 के बीच 1,600 ज्यादा शिकायतें मिली थीं। किताब में गंभीर मामलों में जजों को हटाने के संवैधानिक नियम के बारे में भी बताया गया है कि पार्लियामेंट इंपीचमेंट मोशन पास करके जज को हटा सकती है। किताब में बच्चे पढ़ेंगे कि ऐसे मोशन पर सही जांच के बाद ही विचार किया जाता है। इस दौरान जज को मामले में अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाता है। चैप्टर में लिखा है कि लोग ज्यूडिशियरी के अलग-अलग लेवल पर करप्शन का सामना करते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की न्याय तक पहुंच की समस्या और बिगड़ सकती है। यह भी बताया है कि राज्य और केंद्र ट्रांसपेरेंसी और पब्लिक ट्रस्ट को मजबूत करने की कोशिशें कर रहे हैं। इसमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और करप्शन के मामलों के खिलाफ फास्ट एक्शन लेना शामिल है। किताब में पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई का भी उल्लेख है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि ज्यूडिशियरी के अंदर करप्शन और गलत कामों के मामलों का पब्लिक ट्रस्ट पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा था, हालांकि, इस ट्रस्ट को फिर से बनाने का रास्ता इन मुद्दों को सुलझाने के लिए उठाए गए तेज, निर्णायक और ट्रांसपेरेंट एक्शन में है, ट्रांसपेरेंसी और अकाउंटेबिलिटी डेमोक्रेटिक गुण हैं। इससे पहले एनसीईआरटी ने कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल पर विवाद हुआ था। मॉड्यूल में बताया गया कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे मान किया और माउंटबेटन ने लागू किया। इस जानकारी के लिए किताब में 'विभाजन के दोषी' नाम से टॉपिक जोड़ा गया। हालांकि एनसीईआरटी के ये स्पेशल मॉड्यूल कोर्स, नियमित पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं होते, इन्हें छात्रों को कोई खास टॉपिक समझाने के लिए बनाया जाता है। ऑपरेशन सिंदूर को मॉड्यूल में जोड़ा गया। इसके साथ ही मॉड्यूल में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के भाषण के हिस्से को भी जोड़ा गया। एक विवाद और हुआ था, कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक के तीसरे पाठ में शामिल एक मानचित्र में मराठा साम्राज्य को कोल्हापुर से कटक और उत्तर में पेशावर तक फैला हुआ दिखाया गया। इस नक्शे में राजस्थान की प्रमुख रियासतों, मेवाड़, जैसलमेर, बूंदी, अलवर, मारवाड़, बीकानेर और जयपुर को मराठा साम्राज्य में दिखाया गया। इस दावे से राज्य के पूर्व राजपरिवारों और नेताओं में गुस्सा पनपा। पूर्व राजपरिवारों ने इसे ऐतिहासिक तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और राजस्थान के गौरवशाली इतिहास को कमजोर करने की साजिश बताया।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"आंख" "दुनिया" "वक़्त" "जीवन"

जब आँख बन्द करके, देखेंगे अपने भीतर,<br>
सपनों भरी ये दुनिया,खाली हमें लगेगी।<br>
हाथों पे वक़्त के हम, जब छोड़ देंगे सब कुछ,<br>
जीवन की हर पहेली,अच्छी हमें लगेगी।


|| ॐ शान्ति || **रस्म पगड़ी** || ॐ शान्ति ||

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो: देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।



बडे दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिता जी **श्री ब्रह्म प्रकाश गर्ग** (पुत्र स्व0 श्री इन्द्रसैन गर्ग) जी का स्वर्गवास दिनांक 17/02/2026, दिन- मंगलवार को हो गया था। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।

उनकी आत्मा की शान्ति हेतु रस्म पगड़ी दिनांक: 27 फरवरी 2026, दिन-शुक्रवार को होनी सुनिश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज: प्रातः 11:30 बजे

रस्म पगड़ी: दोपहर 02:00 बजे

कार्यक्रम स्थल:- गांधी बालिका इंटर कॉलेज चरथावल, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

-:शोकाकुल परिवार:-

श्री आनन्द प्रकाश गर्ग (भाई) — देवांग गर्ग-शालू गर्ग (पौत्र-पौत्रवधू)<br>
श्री अजय कुमार गर्ग (भाई) — अमन गर्ग-आयुषी गर्ग (पौत्र-पौत्रवधू)<br>
नवीन गर्ग-अमिता गर्ग (पुत्र-पुत्रवधू) — शिवानी-गिरीश कुमार (पौत्री-दामाद)<br>
प्रवीण गुप्ता-नीलम गुप्ता (पुत्र-पुत्रवधू) — ईशांक गुप्ता-अदिति गुप्ता (पौत्र-पौत्रवधू)<br>
संजीव गर्ग, आलोक गर्ग, संदीप गर्ग — राघव गर्ग (पौत्र)<br>
तपन गर्ग, गगन गर्ग, अगम गर्ग (भतीजे) — रूद्र गर्ग, व्योम गर्ग (प्रपौत्र)<br>
एवं समस्त सालग परिवार

M:. 9897946822,9760025801, 8377044874


## मुजफ्फरनगर पुलिस की बड़ी सफलता, साइबर हेल्पडेस्क ने ठगी के 75 हजार रुपये कराए वापस

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** जनपद में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुढ़ाना थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइबर हेल्पडेस्क ने सक्रियता दिखाते हुए दो अलग-अलग मामलों में ठगी का शिकार हुए पीड़ितों के 75 हजार उनके बैंक खातों में वापस कराकर जनता का विश्वास जीता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुढ़ाना थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी गई रकम को होल्ड कराकर वापस कराया। साइबर हेल्पडेस्क ने दो आवेदकों की शिकायतों पर कार्यवाही की। आवेदिका शिवानी पुत्री कृष्णपाल के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पर पुलिस ने रुपए 25,000 की धनराशि उनके खाते में वापस कराई, जबकि दूसरे आवेदक असजद पुत्र अब्दुल अजीज के साथ हुए साइबर फ्रॉड के मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए रुपए 50,000 की रकम वापस दिलाई गई। इस दौरान पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि, यदि आप भी किसी साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो तत्काल नजदीकी थाना स्थित साइबर हेल्पडेस्क या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। समय पर दी गई सूचना से धन वापसी की संभावना बढ़ जाती है। धनराशि वापस कराने में बुढ़ाना थाने की साइबर टीम का विशेष योगदान रहा, जिसमें मुख्य रूप से कर्मवीर सिंह, निरीक्षक अपराध, विपिन कुमार व ज्ञानेन्द्र कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर), कांस्टेबल सागर एवं महिला कांस्टेबल दीपा शामिल रहे।

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल सफल

### -70 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ी रेलगाड़ी



**जींद, 25 फरवरी (एजेंसी)।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का बुधवार को ट्रायल शुरू हुआ। ट्रेन का जींद रेलवे स्टेशन से ललितखेड़ा स्टेशन तक करीब 20 किलोमीटर तक सफल ट्रायल हुआ। इसके बाद डीजल इंजन लगाकर ट्रेन को मोहाना स्टेशन तक ले जाया गया। रेलवे अधिकारियों ने ट्रायल को संतोषजनक बताया है। हाइड्रोजन ट्रेन को बुधवार की सुबह 7 बजे यार्ड से बाहर निकाला गया। डीजल इंजन की सहायता से पहले ट्रेन को हांसी रोड पुल के नीचे लाया गया। यहां ट्रेन थोड़ी देर रुकी रही। इसके बाद ट्रेन को वापस जंक्शन पर लाया गया। यहां से सुबह 8:25 बजे ट्रेन सोनीपत की ओर रवाना हुई।





## मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 : अंबा वॉरियर्स की शानदार जीत, 7 विकेट से दर्ज की जीत

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बुस.)।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 (एमपीएल-2) के मैच-4 में अंबा वॉरियर्स ने बिंदल्स स्ट्राइकर्स को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बिंदल्स स्ट्राइकर्स की टीम 20 ओवर पूरे नहीं खेल सकी और 18.2 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से प्रिंस यादव ने 16 रन और आशीष त्यागी ने 21 रन का योगदान दिया। अंबा वॉरियर्स की ओर से मोहम्मद अनस ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि प्रियंशु गौतम और कार्तिक यादव ने भी महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कीं। 94 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंबा वॉरियर्स ने 13.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 95 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान विवेक सरोहा ने 24 रन बनाए, वहीं मोहम्मद अनस 21 रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद अनस के ऑलराउंड प्रदर्शन (4 विकेट और 21* रन) के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ अंबा वॉरियर्स ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दर्शकों ने रोमांचक मुकाबले का भरपूर आनंद लिया।

## एमपीएल-2 : आरपीएल राइडर्स की शानदार वापसी, 7 विकेट से दर्ज की जीत



**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बुस.)।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 के मैच-5 में आरपीएल राइडर्स ने सिल्वरटन टाइगर्स को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिल्वरटन टाइगर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 166 रन बनाए। टीम की ओर से योनित राजपूत ने बेहतरीन 51 रनों की पारी खेली, जबकि शिवम चौधरी ने 31 और जावेद अली ने 25 रन जोड़े। आरपीएल राइडर्स की ओर से मानव राठी ने 3 विकेट झटके, वहीं अन्य गेंदबाजों ने भी कसी हुई गेंदबाजी की। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरपीएल राइडर्स ने 18.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 167 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। सिद्धार्थ यादव ने नाबाद 56 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि आराध्य यादव ने 50 रन का अहम योगदान दिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए सिद्धार्थ यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में निर्णायक की भूमिका अंपायर राव कौशिक और आदिल रजा जैदी ने निभाई।





## श्रीश्याम परिवार सुखी परिवार द्वारा मनाया गया चार दिवसीय श्री श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव



**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बुस.)।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति द्वारा श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का चार दिवसीय श्री श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा (ध्वजा यात्रा) का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिन मंगलवार को श्याम बाबा की भव्य संकीर्तन रामलीला भवन नई मंडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल उपस्थित रहे। अन्य अतिथि के रूप में व्यापारी नेता संजय मित्तल, अरविंद मिर्च वालों के यहां से उनके पुत्र मोहित बंसल, अरुण गर्ग उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल की पौत्री का जन्मोत्सव भी कार्यक्रम में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जयपुर से आयी हुई भजन गायिका तृप्ति लड्डा ने एक से एक भाव वाले भजन सुनकर माहौल भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात फाल्गुन की धमाल पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ सभी ने नाच-नाचकर बाबा श्याम को रिझाया। श्याम बाबा फूलों के श्रृंगार में सजकर बहुत ही अलौकिक लग रहे थे। समिति के द्वारा दूसरा दिवस श्याम नाम की मेंहदी के रूप में मनाया जाएगा। फाल्गुन उत्सव के तीसरे दिन नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम का चौथा दिवस रामलीला भवन में वृंदावन के प्रसिद्ध रसिक एवं संत बाबा चित्र विचित्र जी महाराज के द्वारा अपने भजनों से बाबा को एवं प्रेमियों को रिझाकर मनाया जाएगा। निशान यात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर गणपति खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त मनोकामना पूर्ति हेतु बाबा श्याम को निशाना चढ़ाएंगे। समिति ने इस वर्ष बाबा के प्रेमियों को 51 रुपए में निशान वितरित कर रहे है। निशान यात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर झांसी की रानी मालवीय चौक होते हुए गौशाला रोड पीठ बाजार बिंदल बाजार होते हुए गणपति खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति में से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल, अचिन सागर गर्ग, विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग, संजीव गर्ग, हर्षित अग्रवाल, प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल, अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग, विवेक बंसल, मनोज खंडेलवाल एवं श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के सभी एकादशी सदस्य मौजूद रहे।

## डीआईजी ने त्यौहारों को लेकर दिए निर्देश



**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर श्री अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनों जनपदों के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के सम्बन्ध में ऑनलाइन माध्यम से गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान डीआईजी द्वारा अपराध समीक्षा बैठक में निर्गत निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। गोष्ठी में आगामी त्यौहारों विशेषकर होली, रमजान एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। संवेदनशील स्थलों की पहचान, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, होली दहन स्थलो का समयपूर्व चिन्हांकन, गश्त एवं फ्लैग मार्च, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा अफवाहों पर त्वरित नियंत्रण के निर्देश दिए गए। साथ ही उक्त त्यौहारों के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत निदेशी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करनें हेतु निर्देशित किया गया। बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की सुरक्षित आवागमन व्यवस्था एवं परीक्षा अवधि में यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त यक्ष एप की प्रगति की समीक्षा, जीएसटी मामलों में समन्वयात्मक कार्यवाही, आईजीआरएस प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

## आचार्यकुल द्वारा होली मिलन मनाया गया

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** आचार्य कुल संस्था का होली मिलन उत्सव सिटी सेंटर के सामने कोल्ड स्टोरेज परिसर में समाजसेवी होती लाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। रामबीर सिंह द्वारा होतीलाल शर्मा को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। विशेष आमंत्रित अतिथि कृष्णकृपा जीओ गीतापरिवार से अतुल गर्ग, रामबीर सिंह, सुभाष गर्ग अजय गर्ग, राजेश वर्मा का होती लाल शर्मा द्वारा पटका एवं मेडल पहनाकर स्वागत किया गया। होली के भजन व गीतों से सभी उपस्थित झूम उठे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सत्यप्रकाश शर्मा, राजेंद्र साहनी, रामबीर सिंह,अतुल गर्ग, राजेश वर्मा, सुभाषचंद्र, सुभाष गर्ग, सतीश विश्वकर्मा,अजय, शिवानी, अनीता, पिंकी, विनोद चौहान आदि उपस्थित रहे।







## शहर डाकघर स्थित हनुमान मंदिर ट्रस्ट ने बाबा खाटूश्याम जी की विशाल शोभायात्रा निकाली

### - कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने किया यात्रा का शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बुस.)।** शहर डाकघर स्थित हनुमान मंदिर ट्रस्ट ने बाबा खाटूश्याम जी की विशाल शोभायात्रा का शुभारम्भ नई मंडी मेहता क्लब से किया। शुभारम्भ के अवसर पर ट्रस्ट द्वारा कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा बाबा के रथ पर नारियल तुड़वाकर शुभारम्भ कराया गया। रथयात्रा पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने बाबा को तिलक करने के साथ-साथ उनकी आरती भी की। यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के आकर्षण देखने को मिले, जिसमें महाराष्ट्र के नासिक का ढ़ोल, लगभग 12 फीट ऊंचा गोरिल्ला तथा सिलेंडर से घंटा बजाना लोगों को खूब भाया। मेहता क्लब से चली यात्रा शिवचौक, डाकघर के समीप हनुमान मंदिर पर आकर समाप्त हुई। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान कमेटी के वरिष्ठ सदस्य आदित्य गर्ग, योगेन्द्र गर्ग, सचिन गर्ग, प्रदीप गर्ग, सुरेश गर्ग, नवीन गर्ग, अंकित गर्ग, नमन कंसल, राघव मुकुंद गर्ग, अंकुर गर्ग, विजय कश्यप, संजय गोयल, हिमांशु वर्मा, कार्तिक गर्ग आदि ट्रस्ट सदस्य उपस्थित रहे।

## ककरौली थाने के दरोगा पर गैराज संचालक से मारपीट का आरोप

### - पीड़ित ने प्रार्थना-पत्र देकर एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**भोपा, 25 फरवरी (बु.)।** थाना ककरौली में तैनात एक उप निरीक्षक पर गैराज मालिक के साथ मारपीट करने के आरोप का एक मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार वह रोजा खोलने के लिए घर जा रहा था, तभी अपनी निजी कार में हूटर लगवाने आए दरोगा ने बेरहमी से उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मौके पर पहुंची जांच टीम ने मामले की जांच करते हुए प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए हैं। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी शाहनवाज ने बताया कि वह ककरौली थानाक्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात जौली मार्ग पर कार गैराज का संचालक है। पीड़ित का आरोप है कि बीते मंगलवार की शाम वह अपना गैराज बंद कर घर जा रहा था। इसी दौरान थाना ककरौली में तैनात एक दरोगा अपनी निजी कार से वहां पहुंचा और गाड़ी में हूटर लगाने को कहा। पीड़ित ने दरोगा से कहा कि वह रोजे से है और जल्दी घर जाकर रोजा खोलना चाहता है, इसलिए कल सुबह हुटर लगा देगा, लेकिन रोजे की बात सुनकर भड़के दरोगा ने पीड़ित को गालियां देना शुरू कर दिया और जेल में डालने की धमकी देते हुए पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी। डरे-सहमे पीड़ित ने हाथ जोड़कर अपनी गलती मानने की कोशिश की, लेकिन आरोपी दरोगा पर इसका कोई असर नहीं हुआ और वह लगातार मारपीट करता रहा। घटना से आहत पीड़ित ने एसएसपी मुजफ्फरनगर को लिखित शिकायती-पत्र देकर आरोपी दरोगा के खिलाफ जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति द्वारा इस तरह की बर्बरता ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से गहरा आघात पहुंचाया है। उसने मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा द्वारा जांच टीम गठित की गई, जिसने घटनास्थल पर जाकर प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए हैं।

## किसानों का पैसा रोकने पर लगेगा 12% ब्याज: कृषि मंत्री

**नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्र सरकार की ओर से कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए कड़े और पारदर्शी सुधारों की बात कही गई है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के आर्थिक हितों से जुड़ा कोई भी समझौता या लेटलतीफी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के बकाये को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कृषि मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय देरी को खत्म करने के लिए अपना हिस्सा सीधे किसानों के खातों में भेजने के विकल्प पर काम कर रही है। इसके अलावा, एक बड़े नीतिगत बदलाव का संकेत देते हुए उन्होंने सालाना 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खाद (उर्वरक) सब्सिडी को सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजने पर विचार करने की बात कही, ताकि वास्तविक अन्नदाता को इसका सीधा फायदा मिल सके।



## नगर पालिका ने उतरवाए खम्भों पर लगे फ्री के हॉर्डिंग

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में जहां देखो जमीन और आसमान दोनों पर अतिक्रमण करने की पूरी कोशिश की जा रही है। बुधवार की रात नगर पालिका द्वारा ऐसे हॉर्डिंग्स को उतारने का काम किया गया जो खम्भों के बीच अपनी मशहूरी करने के लिए फ्री में नेताओं, व्यापारियों द्वारा टांग दिये जाते हैं। फिलहाल बचन सिंह चौक से लेकर झांसी की रानी तक उक्त हॉर्डिंग उतरवाने का अभियान चलाया गया। पालिका का बताना है कि पूरे शहर से ऐसे अवैध हॉर्डिंग हटाए जाएंगे जो हर खम्भे पर टांग दिये गए हैं और पालिका को इसकी सूचना तक नहीं दी गयी। पालिका अधिकारियों ने बताया कि लगातार यह अभियान जारी रहेगा।

## होली पर हवाई यात्रा महंगी: किराया 3 गुना तक बढ़ा

**नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसी)।** होली के नजदीक आते ही हवाई किराए में फिर से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। फ्लाइट टिकट बुक करने वाली वेबसाइटों पर बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों से यूपी-बिहार की फ्लाइट्स के किराए में 3 गुना तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे बुरा हाल बेंगलुरु से गोरखपुर और दिल्ली से पटना जाने वाले यात्रियों का है। सामान्य दिनों में मुंबई से गोरखपुर का किराया ?6 हजार से ?8 हजार के बीच होता है। होली से पहले किराया करीब 30 हजार रुपए तक हो गया है। वहीं दिल्ली से पटना जाने वाली जिस फ्लाइट की टिकट 4,300-5,000 में मिलती थी। उसके लिए यात्रियों को अब करीब 27 हजार तक चुकाने पड़ रहे हैं। मुंबई से पटना के लिए जहां पहले 5,600-8,700 की टिकट थी, वह टिकट अब 25 हजार रुपए की हो गई है।

## एसडी कॉलेज में मेंटल हेल्थ काउंसलिंग कैम्प का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बुस.)।** बुधवार को सनातन धर्म कॉलेज की मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल द्वारा एक मेंटल हेल्थ काउंसलिंग कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुमित मोदी (एमडी, न्यूरो साइकेट्री, केजीएमयू, लखनऊ) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर गहन चर्चा की। विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि से मानसिक तनाव, सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग एवं उसके दुष्प्रभाव, ज्यादा सोचना, जीवन-आघात, विश्वास संबंधी समस्या तथा मनोदशा में उतार चढ़ाव इत्यादि से जुड़ी समस्याओं पर प्रश्न किये, जिसके निवारण के लिए डॉ. मोदी ने विद्यार्थियों को अनेक उपाय बताए। कार्यक्रम की समन्वयिका एवं संचालिका जंतु विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका, आशना गुप्ता रहीं एवं संयोजक, वाणिज्य विज्ञान विभाग के प्राध्यापक पवन कुमार तिवारी रहे। कार्यक्रम में प्रो. अलका बंसल, प्रो. ममता श्याम, प्रो. महिमा, ध्रुव गुप्ता, शालिनी कुशवाहा, सोनाक्षी धीमान आदि शिक्षक उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागी कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।



## राजकीय संप्रेषण गृह में बच्चे की पेंटिंग को मिली सराहना

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** राजकीय संप्रेषण गृह में बच्चों की रुचि की परख करते हुए एक किशोर द्वारा बनाई गई पेंटिंग देखकर न्यायिक अधिकारी उसकी कला की सराहना किए बिना नहीं रह पाए। अपर जज कमलापति प्रजापति, अपर जज दिव्या भार्गव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंनिका चौधरी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. सत्येंद्र चौधरी द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने संस्था में निरुद्ध किशोर की पत्रावली एवं कार्यालय पत्रावली का अवलोकन किया। संस्था निरुद्ध किशोरों से एक-एक कर संस्था में रहन-सहन, शिक्षा व्यवस्था और उनकी किस विषय में रुचि है, इस विषय में जानकारी ली गई और एक किशोर द्वारा अपनी द्वारा बनाई चित्रकला पेंटिंग को दिखाई गई। अधिकारियों द्वारा किशोर की प्रतिभा को सराहा गया। निरीक्षण के समय संस्था प्रभारी मोहित कुमार, कंप्यूटर अध्यापक विक्रांत वर्मा, सहायक अध्यापक राकेश कुमार, परामर्शदाता बिलकिस जहां एवं संस्था कर्मचारी नीरज कुमार तथा समस्त सुरक्षा बल उपस्थित रहा।


## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष-2024, अनुक्रमांक 1240506337 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

कन्हैया पाल<br>
कमलनगर, कूकड़ा, मुजफ्फरनगर


## सोशल मीडिया पर प्राइवेट फोटो डालने के मामले में दो महिलाओं के बीच समझौता



**चरथावल, 25 फरवरी (बु.)।** सोशल मीडिया पर निजी फोटो और वीडियो वायरल करने को लेकर दो महिलाओं में विवाद हुआ था, जिसे आपसी सहमति के बाद फैसला कराया गया। चरथावल थाने में दिए गए एक शिकायती पत्र के बाद सब इंस्पेक्टर डोली के हस्तक्षेप से दोनों महिलाओं ने भविष्य में विवाद न करने का लिखित समझौता किया। दोनों महिलाओं ने एक दूसरे की कुछ निजी (प्राइवेट) तस्वीरें और वीडियो अपने अपने इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी थीं। इस मामले को लेकर चरथावल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। चरथावल थाने पर तैनात सब इंस्पेक्टर डोली ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों महिलाओं को थाने बुलाया और वीडियो डिलीट कराई गई। यह विवाद एक ही व्यक्ति की दो पत्नियों के बीच का था।

